22-101

B.Sc. / B.Sc. (Hons.) Semester I Examination, Nov. 2022

GENERAL HINDI

TIME ALLOWED : TWO HOURS

Maximum Marks— 70

सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिये।

1. (क) निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिये— 10

सतगुरु की महिमा अनँत, अनँत किया उपगार।
लोचन अनँत उघाड़िया, अनँत दिखावणहार ॥
दीपक दीया तेल भरि, बाती दई अघट्ट।
पूरा किया बिसाहूणाँ, बहुरि न आँवौं हट्ट ॥

अथवा

पुर तें निकसी रघुबीर-वधू, धरि धीर दये मग में डग द्वै।
झलकीं भरि भाल कनी जल की, पुट सूखि गए मधुराधर वै ॥
फिरि बूझति हैं "चलनो अब केतिक, पर्न कुटी करिहौ कित ह्वै"।
तिय की लखि आतुरता पिय की अँखियाँ अति चारू चलीं चल च्वैं ॥

(ख) निम्नलिखित गद्यावतरण की सप्रसंग व्याख्या कीजिये—

"जब यह साहित्य में स्पन्दित हुई तब जीवन के मूल्यों की

स्थापना के लिए तत्व सत्यमय, सत्य, शिवमय और शिव सौन्दर्यमय होकर मुखर हो उठा। जब चिन्तन को उसका स्पर्श मिला तब दर्शन की भिन्न रेखा तरल होकर समीप आ गई।''

अथवा

''हमारी पौराणिक कथाओं के अनुसार शनि महाराज सूर्य के पुत्र हैं, भैंसा इनका वाहन है। पाश्चात्य ज्योतिष में शनि को सैटर्न कहते हैं। यूनानी आख्यानों के अनुसार सैटर्न जूपीटर के पिता हैं। रोमन लोग सैटर्न को कृषि का देवता मानते हैं। हमारे देश में शनि महाराज तेल के देवता बन गए हैं।'' 10

2. (क) पठित पदों के आधार पर सूरदास के वात्सल्य वर्णन पर निबन्ध लिखिये। 10

अथवा

कबीर के काव्य की विशेषताओं पर प्रकाश डालिये। 10

(ख) 'नमक का दारोगा' कहानी के प्रमुख पात्र वंशीधर का चरित्र-चित्रण कीजिये। 10

अथवा

महोदवी वर्मा के 'प्रणाम' निबंध का सारांश अपने शब्दों में लिखिये। 10

3. (क) निम्न में से किसी **एक** विषय पर निबन्ध लिखिए। (शब्द-सीमा 300 शब्द)

(i) राजस्थान के प्रमुख पर्व एवं उत्सव

(ii) युवा असन्तोष : कारण और निवारण

(iii) आतंकवाद

(iv) पर्यावरण प्रदूषण : वर्तमान अवस्था और सम्भावनाएँ

(v) राष्ट्रभाषा हिन्दी।

(ख) अपने मुहल्ले में सफाई की उचित व्यवस्था कराये जाने के क्रम में नगरपालिका अध्यक्ष, अलवर को पत्र लिखिये। 4

अथवा

रा० कला महाविद्यालय अलवर के छात्र-संघ चुनाव में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के क्रम में पुलिस अधीक्षक, अलवर को एक सरकारी पत्र लिखिये। 4

(ग) निम्नलिखित गद्यांश का संक्षिप्तीकरण कीजिये–

''आधुनिक युग विज्ञान-युग के नाम से जाना जाता है। आज विज्ञान की विजय-पताका धरती से लेकर आकाश तक फहरा रही है। सर्वत्र विज्ञान की महिमा का प्रचार-प्रसार है। मनुष्य ने विज्ञान के द्वारा प्रकृति को जीत लिया है। विज्ञान के द्वारा विद्युत, वाष्प, गैस, ईथर को खोजकर दिग्दिगान्तरों में अपनी विजय-दुंदुभी बजाकर सारे संसार में क्रान्तिकारी परिवर्तन ला दिया है।''

अथवा

''उदयपुर राजस्थान का प्रसिद्ध ऐतिहासिक नगर है। इसे महाराजा उदयसिंह ने बसाया था। इस नगर के साथ राजस्थान का इतिहास जुड़ा हुआ है। साथ ही इसका प्राकृतिक सौन्दर्य भी इतना बढ़ा-चढ़ा है कि इसके दृश्यों को देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। पहाड़ियों तथा झीलों से घिरा हुआ यह नगर स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद और भी आकर्षक बन गया है।'' 4

(घ) किसी **एक** का पल्लवन कीजिये–

(i) अपयश का भय सबसे बड़ा भय है।

(ii) ऋण, शत्रु और रोग को निर्मूल कर देना चाहिये।

(iii) परहित सरिस धर्म नहिं भाई। पर पीड़ा सम नहिं अधभाई। 4

(ङ) औ **अथवा** अ उपसर्ग से कोई **एक** शब्द निर्मित कीजिये। 1

(च) किसी **एक** शब्द का सन्धि विच्छेद कीजिये—

महोदय **अथवा** अत्यधिक 1

(छ) निम्नलिखित प्रत्यय से कोई **एक** शब्द बनाइये—

ता **अथवा** आ 1

(ज) किसी **एक** में समास को बताइये—

सप्ताह **अथवा** दादा-दादी 1

4. (क) निम्नलिखित में से **दो** शब्दों के शुद्ध रूप लिखिये—

(i) अतिथी

(ii) तिथी

(iii) अकस्मात

(iv) छः 2

(ख) निम्नलिखित में से **एक** वाक्य को शुद्ध रूप में लिखिये—

(i) वह ऐसा व्यक्ति है जिसके कई अंग टूटे हुए हैं।

(ii) उसका घर चौराहे पर ही है। 2

5. (क) किन्हीं **दो** मुहावरों का अर्थ बताइये—

(i) अंग-अंग ढीला होना

(ii) अक्ल का दुश्मन

(iii) आवाज उठाना

(iv) एक पंथ दो काज। 2

(ख) किसी **एक** लोकोक्ति को वाक्य में प्रयोग कीजिये—

(i) अंधे के हाथ बटेर लगना

(ii) आसमान से गिरा खजूर में अटका। 2